एक नजर

दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए 13 नवंबर तक करें आवेदन

गोंडा। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत नवीन आवेदन और नवीनीकरण के लिए 13 नवंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक अनुसूचित जाति, जनजाति, सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र विद्यार्थी निर्धारित समयसीमा में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शिक्षण संस्थानों को पांच नवंबर तक अपना मास्टर डाटा लॉक करना होगा, जबकि फीस का सत्यापन सात नवंबर तक पूरा किया जाना है। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समयसीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

12 दिसंबर को लगेगी साल की आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत

गोंडा। जिले में वर्ष की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के लंबित एवं सुलह योग्य मामलों का निस्तारण आपसी सहमति और समझौते के आधार पर कराया जाएगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जज दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण किया जाएगा। वहीं, नियमानुसार अर्थदंड से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा।

मांगों को लेकर शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय पर धरना देंगे फार्मासिस्ट

गोंडा। विभिन्न मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करेगा। धरने के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारी मांगों से संबंधित ज्ञापन सीएमओ को सौंपेंगे।एसोसिएशन के अध्यक्ष सालिकराम त्रिपाठी और मंत्री सुधीर शुक्ला ने बताया कि धरने में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी फार्मासिस्ट एवं चीफ फार्मासिस्ट शामिल होंगे। उन्होंने जनपद के सभी साथी फार्मासिस्टों से अपनी मांगों के समर्थन में धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।पहली खबर में आवेदन की अंतिम तिथि 13 नवंबर बताई गई है, जबकि संस्थानों के मास्टर डाटा लॉक करने और फीस सत्यापन की तिथियां पांच और सात नवंबर हैं। प्रकाशन से पहले इन तिथियों की पुष्टि अवश्य कर लें, क्योंकि ये तिथियां आवेदन की अंतिम तिथि से पहले की हैं।

पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से हमला, चार पर मुकदमा

गोंडा। खरगूपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर केवलपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में राहुल अवस्थी घायल हो गया। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी श्रीदेवी पत्नी रामवकील ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव में लक्ष्मी पूजा के लिए प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद उनके बेटे राहुल अवस्थी पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही निखिल तिवारी, गोपी तिवारी, पुनीत तिवारी और वीरेंद्र तिवारी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में राहुल घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

परिषदीय शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर शैक्षिक योग्यता तक की होगी जांच

गोंडा। परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की नियुक्ति और शैक्षिक योग्यता को लेकर अब बड़े स्तर पर जांच की तैयारी शुरू हो गई है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के क्रम में जिले के कक्षा एक से आठ तक के सभी शिक्षकों के नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों और शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन कराया जाएगा। इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर निर्धारित प्रारूप में शिक्षकों का पूरा ब्योरा और अभिलेख जुटाने को कहा है। संकलित दस्तावेज विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संबंधित रेंज कार्यालय को भेजे जाएंगे, जहां उनकी जांच की जाएगी।जिले में वर्तमान में 2609 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब सात हजार शिक्षक कार्यरत हैं। जांच के दायरे में प्रत्येक शिक्षक की नियुक्ति से लेकर अब तक की सेवा संबंधी जानकारी शामिल होगी। शिक्षकों को नियुक्ति आदेश, कार्यभार ग्रहण करने, स्थानांतरण और पदोन्नति से संबंधित आदेशों के साथ हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, बीएड, बीटीसी और डीएलएड सहित निर्धारित शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यताओं के प्रमाणपत्र और अंकपत्र उपलब्ध कराने होंगे।इसके अलावा टीईटी, सीटीईटी अथवा नियुक्ति के समय लागू अनिवार्य पात्रता परीक्षा के प्रमाणपत्र, चयन एवं मेरिट सूची, निवास, जाति और दिव्यांगता प्रमाणपत्र के साथ आधार और पैन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां भी दो सेट में जमा करनी होंगी।**निकट संबंधियों का भी देना होगा ब्योरा**इस सत्यापन प्रक्रिया में शिक्षकों से उनके पारिवारिक संबंधों की जानकारी भी मांगी गई है। प्रत्येक शिक्षक को फोटोयुक्त नोटरीकृत शपथपत्र देना होगा। इसमें उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग में बेसिक शिक्षा अधिकारी अथवा उससे उच्च पद पर कार्यरत या सेवानिवृत्त निकट संबंधियों का पूरा विवरण देना अनिवार्य होगा।**66 बिंदुओं पर तैयार होगा शिक्षकों का डाटा**प्रत्येक विकासखंड के शिक्षकों का पूरा विवरण अंग्रेजी में निर्धारित एक्सेल प्रारूप पर तैयार किया जाएगा। इसमें मानव संपदा कोड, शिक्षक का नाम, विद्यालय, नियुक्ति तिथि, जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यता, बोर्ड एवं विश्वविद्यालय, अनुक्रमांक, प्राप्तांक, प्रशिक्षण और टीईटी संबंधी विवरण सहित कुल 66 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है।

अभ्यर्थी चयन के लिये साक्षात्कार 18 नवम्बर को

बहराइच । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला विद्युत चालित चाक एवं पगमिल मशीन वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 आनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्र के सापेक्ष विद्युत चालित चाक तथा पगमिल मशीन वितरण हेतु लाभार्थी चयन के लिए विकास भवन सभागार में 18 नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। माटीकला विद्युत चालित चाक एवं पगमिल मशीन हेतु आवेदन करने वाले इच्छुक आवेदनकर्ता समस्त अभिलेखों आधार, पैन, जाति, मार्कशीट, राशन कार्ड, आय, अनुभव व फोटो के साथ ससमय पूर्वान्ह 09:00 बजे उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर अयोध्या पहुंचे पवनेश का स्वागत

अयोध्या। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने के बाद अयोध्या पहुंचे पवनेश पांडेय का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सिविल लाइंस स्थित अपने सरकारी आवास पर अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई।महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और जनसेवा के संकल्प के बल पर निरंतर मजबूत हो रही है। पार्टी ने हमेशा समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी देने का काम किया है। पवनेश को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलना अयोध्या के लिए प्रसन्नता की बात है। उनके अनुभव और सक्रियता से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।पांडे ने स्वागत के लिए महापौर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। संगठन को मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे।पार्षद धर्मेन्द्र मिश्र, सुनील यादव, भाजपा नेता विपनेश पांडे, चंद्रशेखर तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

19 नवंबर से शुरू होगी प्रक्रिया

अयोध्या। जनपद में नदी तल पर उपलब्ध बालू के रिक्त क्षेत्रों को खनन पट्टे पर आवंटित करने के लिए आयोजित होने वाली ई-निविदा सह ई-नीलामी की समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। तकनीकी कारणों से जीएसटीसीसी के माध्यम से ई-निविदा वेबसाइट नहीं खुल पाने के चलते जिला प्रशासन ने ऑनलाइन प्रक्रिया की तिथियों में बदलाव किया है।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण की ई-निविदा प्रक्रिया 19 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे से शुरू होकर 25 नवंबर को शाम पांच बजे तक चलेगी। प्राप्त निविदाओं को खोलने और उनका मूल्यांकन करने की प्रक्रिया 26 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसके बाद उसी दिन दोपहर 12 बजे से दो बजे तक द्वितीय चरण की ई-नीलामी आयोजित की जाएगी।

मिशन शक्ति 6.0 -महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



गोंडा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत जिलेभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। धानेपुर, वजीरगंज, छपिया, कोतवाली मनकापुर और मोतीगंज समेत विभिन्न थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, गांवों, विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर महिलाओं और बेटियों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और महिला अपराधों की रोकथाम के उपाय बताए गए।अभियान के तहत थाना धानेपुर की टीम ने कस्बे के ग्रामीण बैंक में महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध और घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया। वहीं वजीरगंज पुलिस ने ग्राम चंदापुर हवेलिया में मिशन शक्ति केंद्र की उपयोगिता, गुड टच-बैड टच और महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।थाना छपिया की टीम ने एसडीसीआईटीएम कंप्यूटर इंस्टीट्यूट परसा तिवारी और ग्राम सांगवा में बालिकाओं से संवाद कर महिला एवं बालिका सुरक्षा के उपाय बताए। कोतवाली मनकापुर की एंटी रोमियो एवं मिशन शक्ति टीम ने कटी तिराहा, बस स्टैंड, चिरैया चौराहा सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।इसी क्रम में मोतीगंज पुलिस ने ग्राम एमवीडी और मेमोरियल पब्लिक स्कूल सोठिया में छात्र-छात्राओं को महिला बीट प्रणाली, एंटी रोमियो स्क्वाड की कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। छात्राओं से उनकी समस्याओं और क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों (हॉटस्पॉट) की जानकारी भी ली गई।

मुसीबत में इन हेल्पलाइन नंबरों पर करें फोन जागरूकता कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं को आपात स्थिति में तत्काल सहायता पाने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें पुलिस सहायता के लिए 112, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 प्रमुख हैं। इसके अलावा एंबुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 और अग्निशमन सेवा 101 के उपयोग के बारे में भी बताया गया।**साइबर ठगी से बचाव के बताए तरीके**पुलिस टीमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने, अनजान कॉल और संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न और बाल अपराध जैसी घटनाओं के प्रति सतर्क रहने और बिना किसी भय के पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पुलिस टीमों ने जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

पत्नी की मौत, पति के दोनों पैर टूटे

हरगांव (सीतापुर)। थाना हरगांव क्षेत्र की पुलिस चौकी कटेसर के अंतर्गत लहरपुर-लखीमपुर मार्ग पर ग्राम पट्टीपुरवा चौराहे के निकट मंगलवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान आरती देवी की मौत हो गई। वहीं उनके पति रोहित और दोनों बच्चों का उपचार चल रहा है। जिला लखीमपुर खीरी के मुड़िया खेड़ा गांव निवासी रोहित अपनी पत्नी आरती देवी और दो छोटे बच्चों के साथ बाइक से लखीमपुर से लहरपुर क्षेत्र के ग्राम नवीनगर स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। मंगलवार देर शाम जब वे लहरपुर -लखीमपुर मार्ग पर ग्राम पट्टीपुरवा चौराहे के निकट पहुंचे। तभी लहरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



बहराइच । पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों, स्थापित संयंत्रों, लंबित प्रकरणों तथा डीसीआर अपलोड की स्थिति की समीक्षा के लिए विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि 267 संयंत्रों की कमीशनिंग एवं कांफीग्रेशन का कार्य 02 दिवस में पूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि आसन्न माह दिसम्बर 2026 में 1500 संयंत्रों की स्थापना की जाय।

बैंकों द्वारा पत्रावलियों के निरस्तीकरण की दर अपेक्षा से कम पाये जाने पर सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि कुल लम्बित 780 ऋण पत्रावलियों को 25 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा में निस्तारित कर दिया जाये। डीएम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रधानों से वर्चुअली संवाद कर योजना अन्तर्गत अधिकाधिक आवेदन कराये जाने हेतु प्रेरित किया जाय।

जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने निर्देश दिया कि 25 नवम्बर को विकास भवन सभागार में समारोह का आयोजन कर योजना अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक प्रबंधकों, वेण्डर आदि को प्रमाण पत्र निर्गत कर सम्मानित किया जाय तथा इस अवसर पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को ऋण धनराशि के डेमो चेक का भी वितरण भी कराया जाय। इस आयोजन में बैंको के क्षेत्रीय प्रबन्धकों को आमत्रित किया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड बहराइच, नानपारा एवं कैसरगंज, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समन्वयक, भारतीय स्टेट बैक, इंडियन बैक, बैक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक तथा वेण्डर्स मौजूद रहे।

परिवार के प्रत्येक सदस्य से निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार पूछे जाएंगे 40 प्रश्न



बहराइच । जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक स्व-गणना तथा 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक जनसंख्या की गणना एवं 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण दौर का संचालन किया जाना है। जनगणना-2027 के कार्य को जनपद में सफलतापूर्वक संपन्न कराने, स्व-गणना के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने तथा जनगणना कार्य के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित के उद्देश्य से उत्थान आडिटोरियम में आयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या एवं उससे संबंधित आवश्यक आँकड़े संकलित किए जाते हैं। इन आँकड़ों का उपयोग देश की नीतियों, योजनाओं एवं विकास संबंधी निर्णयों के निर्माण में किया जाता है।जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में स्व-गणना की सुविधा 16 नवंबर से 30 नवंबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस अवधि में परिवार आधिकारिक पोर्टल म.बमदेने.हवअ.पद पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना की अवधि समाप्त होने के बाद 01 दिसंबर से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। बेघर व्यक्तियों की गणना 04 जनवरी 2027 की शाम को की जाएगी। इसके बाद 5 जनवरी से 9 जनवरी, 2027 तक पुनरीक्षण दौर आयोजित किया जाएगा। जनसंख्या गणना के दौरान परिवार के प्रत्येक सदस्य से निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार कुल 40 प्रश्न पूछे जाएँगे। इन प्रश्नों के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी संकलित की जाएगी।डीएम ने बताया कि जनसंख्या गणना के दौरान परिवार के प्रत्येक सदस्य से व्यक्ति का नाम, मुखिया से संबंध, लिंग, जन्म तिथि और आयु (पूर्ण वर्ष में), वर्तमान वैवाहिक स्थिति, विवाह के समय आयु (पूर्ण वर्ष में), पति/पत्नी का नाम, घोषित राष्ट्रीयता, धर्म, अनुसूचित जाति (अ.जा.)/ अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) /जाति, पिता का विवरण, माता का विवरण, दिव्यांगता, मातृभाषा एवं अन्य भाषाओं का ज्ञान, साक्षरता एवं डिजिटल साक्षरता की स्थिति, शैक्षणिक संस्थान में शिक्षा ग्रहण की स्थिति, प्राप्त शिक्षा का उच्चतम स्तर तथा संकाय/विषय, पिछले वर्ष किसी भी समय कोई कामकाज किया, आर्थिक कार्यकलाप की श्रेणी, व्यवसाय के बारे में प्रश्न पूछे जायेंगे।

निकाली गई भव्य कलश यात्रा

इमलिया सुल्तानपुर (सीतापुर)। विकासखंड ऐलिया के इमलिया सुल्तानपुर स्थित यज्ञशाला में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य गंगाधर एवं बटुक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ मंडप पूजन से किया गया। इसके बाद वेदी स्थापना और कलश पूजन संपन्न हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा यज्ञशाला से प्रारंभ होकर सरायन नदी तक पहुंची। यात्रा में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री गिरीश मिश्रा भी शामिल हुए। सरायन नदी के तट पर आचार्य सत्यप्रकाश ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया। इस दौरान नदी पूजन एवं श्रीमद्भागवत भगवान का पूजन किया गया। इसके बाद यज्ञ एवं कथा के संकल्पित यजमान रोहित सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा कलश और भागवत भगवान को श्रद्धापूर्वक यज्ञशाला तक पहुंचाया गया।

भाई दूज की भीड़ में महिला से छेड़छाड़, 200 मीटर तक पीछा करता रहा मनबढ़

सिधौली (सीतापुर)। भाई दूज के त्योहार पर बुधवार शाम जब कस्बे का बाजार खरीदारों की भीड़ से गुलजार था और सड़कों पर लोगों की आवाजाही चरम पर थी। उसी दौरान एक मनबढ़ युवक ने महिला की सुरक्षा को सरेराह चुनौती दे डाली। खरीदारी करने आई महिला के साथ युवक ने पहले छेड़छाड़ की और हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। विरोध कर महिला उससे बचने के लिए करीब 200 मीटर तक भागती रही, लेकिन आरोपी उसका पीछा करता रहा। यहां तक कि एक गली में घुसने के बाद भी उसने महिला को नहीं छोड़ा और सड़क पर गिराकर जबरदस्ती करने लगा। आखिरकार राहगीरों का गुस्सा फूटा और लोगों ने आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा। बाद में पुलिस बुलाकर उसे सौंप दिया गया।घटना सिधौली कस्बे के पुरानी स्टेट बैंक वाली गली और तहसील रोड के आसपास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक गांव की रहने वाली महिला वर्तमान में कस्बे के एक मोहल्ले में रहती है। बुधवार शाम वह भाई दूज के त्योहार पर खरीदारी करने बाजार आई थी। इसी दौरान एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं और हाथ पकड़ लिया। महिला ने विरोध करते हुए खुद को छुड़ाया और भागने लगी। आरोपी करीब 200 मीटर तक उसका पीछा करता रहा। महिला बचने के लिए तहसील रोड स्थित एक घर की गली में घुसी तो आरोपी वहां भी पीछे पहुंच गया और उसे पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी ने महिला को सड़क पर गिरा दिया। चौराहे पर लोगों की मौजूदगी के बावजूद उसकी हरकतें जारी रहीं। महिला की हालत देखकर राहगीरों ने आरोपी को दबोच लिया और जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान युवक ने उसका मोबाइल फोन और पास रखे दो हजार रुपये भी छीन लिये। महिला के मुताबिक, उसका मोबाइल पुलिस ने वापस दिला दिया है। आरोपी पुलिस हिरासत में बताया जा रहा है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।**सुरक्षा इंतजामों पर भी उठे सवाल**भाई दूज जैसे त्योहार पर बाजार में भारी भीड़ उमड़ने की जानकारी प्रशासन और पुलिस को पहले से रहती है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब महिला करीब 200 मीटर तक आरोपी से बचने के लिए भागती रही। तब बाजार में पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था कहां थी? त्योहार के मद्देनजर प्रमुख चौराहों और बाजारों में पुलिस की तैनाती के दावे किए जाते हैं, फिर भी भीड़भाड़ वाले इलाके में महिला के साथ इस तरह की घटना होना सुरक्षा इंतजामों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है।

देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद का मनाया गया जन्मदिवस

बिसवां नगर (सीतापुर)। बिसवां स्थित मदरसा तालीमुल कुरआन में आज देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास और अदब के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मदरसा परिसर में एक विशेष शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने मौलाना आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला। समाजसेवी पत्रकार नैय्यर शकेब ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन, उनके संघर्षों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी और विद्वान ही नहीं थे, बल्कि वे शिक्षा के एक बड़े दूरदर्शी भी थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत में आईआईटी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैसे प्रमुख संस्थानों की नींव रखकर देश को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था। नैय्यर शकेब ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मौलाना आजाद का मानना था कि शिक्षा ही किसी भी समाज और देश की तरक्की का सबसे बड़ा माध्यम है।

एक नजर

छठ पूजा एवं मूर्ति विसर्जन स्थलों का डीएम.एसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



अम्बेडकरनगर। छठ महापर्व एवं मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने काली घाट स्थित छठ पूजा स्थल पर पहुंचकर साफसफाई प्रकाश व्यवस्था बैरिकेडिंग श्रद्धालुओं के आवागमन और भीड़ प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद राजघाट स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा घाटों पर सतर्क निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अधिकारियों ने छठ महापर्व को शांतिपूर्ण सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम टांडा थनिगईयरसन टी एसडीएम न्यायिक टांडा संजीव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

अम्बेडकरनगर। मतदाता जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर स्वीप ;ैटम्म्द्ध कार्यक्रम के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।विधानसभा क्षेत्रवार प्रतियोगिताओं के लिए टांडा में मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेजए अकबरपुर में बीएन इंटर कॉलेजए कटेहरी में रामदेव जनता इंटर कॉलेज जलालपुर में नरेंद्र देव इंटर कॉलेज तथा आलापुर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब ;ईएलसीद्ध के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्योंए निर्वाचन प्रक्रिया और मताधिकार के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही नैतिक एवं निष्पक्ष मतदान के प्रति प्रेरित किया गया।विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षकों के निर्देशन में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर सूची तैयार की गई। माध्यमिक शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यालय स्तर से ही युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करना और उन्हें जिम्मेदार मतदाता बनाना हैए जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

यातायात माह में पुलिस का अभियान, एक दिन में 1095 वाहनों का चालान



अम्बेडकरनगर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर गुरुवार को यातायात माह के 12वें दिन प्रभारी निरीक्षक यातायात जयबहादुर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाईवे के आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित कर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक दिन में 1095 वाहनों का चालान किया गया। यातायात पुलिस के अनुसार एक नवंबर से अब तक कुल 4830 वाहनों का चालान किया जा चुका है। इनमें से 25 वाहनों से 33ए500 रुपये शमन शुल्क जमा कराया गया है। वहीं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 1510 वाहनों की जांच की गई जिसमें आठ चालक नशे की हालत में वाहन चलाते मिले। इनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 80 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की है।

पत्नी के लापता होने पर पति ने आईजीआरएस पर की शिकायत, युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का संदेह

अयोध्या। पत्नी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में पति ने आईजीआरएस पोर्टल संदर्भ संख्या- 40017276091967 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराकर पुलिस से तलाश कराने की मांग की है। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्नी सीता करीब 33 वर्ष के लापता होने की जानकारी दी है।

आइजीआरएस पर शिकायत के अनुसार, आठ अक्टूबर 2026 को धर्मेंद्र अपनी पत्नी और दो नाबालिग बच्चों के साथ इनायतनगर थाना क्षेत्र के मिश्रिपुर मिजोरी गांव आए थे। उसी दिन शाम करीब आठ बजे उनकी पत्नी घर से बाहर घूमने की बात कहकर निकली, लेकिन काफी समय बीतने के बाद वापस नहीं लौटी। पति ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।धर्मेंद्र ने आइजीआरएस के माध्यम से किए गए शिकायती पत्र में सिराज नामक युवक पर पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की आशंका जताई है। उनका दावा है कि पिछले करीब एक वर्ष से पत्नी की उक्त युवक से मोबाइल और व्हाट्सएप और मैसेंजर के माध्यम से बातचीत होती थी।

इस संबंध में उनके पास कॉल डिटेल और ऑडियो रिकॉर्डिंग मैसेंजर भी उपलब्ध है।पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पत्नी की तलाश करने तथा उपलब्ध मोबाइल और व्हाट्सएप साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि पत्नी के अचानक लापता होने से दोनों नाबालिग बच्चों के भविष्य को लेकर परिवार चिंतित है।

11 राज्यों में अब तक 57 बार कर चुके हैं स्वैच्छिक रक्तदान

अयोध्या। देश के सभी राज्यों में रक्तदान करने का संकल्प लेकर निकले ब्लड मैन के नाम से चर्चित युवा समाजसेवी व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में अपना 57वाँ स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस उपलब्धि पर ब्लड बैंक की ओर से उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।